<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मथुरा में मालगाड़ी के पटरी से उतरने से यातायात व्यवस्था प्रभावित। रेलवे प्रशासन ने बारह ट्रेनों का संचलन किया रद्द। बदले मार्ग से चलायी जा रही हैं दस ट्रेंने।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के रामगढ़ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का किया शुभारम्भ। कहा– रोजगार और पर्यटन का हब बन चुका है गोरखपुर।
- मुख्यमंत्री ने अयोध्या में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की तिरासी परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- प्रदेश के पच्चीस जनपद अभी भी बाढ़ से प्रभावित। राहत–बचाव कार्य में जुटा है प्रशासन।

**********

मथुरा में मालगाड़ी के पहिये पटरी से उतरने से रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों का संचलन निरस्त कर दिया है तो वहीं कई को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। पटरी को दुरूस्त करने का काम तेजी से चल रहा है। उत्तर–मध्य रेलवे ने मथुरा जंक्शन से गुजरने वाली बारह ट्रेनों को आज तक के लिये निरस्त कर दिया है, जबकि दस से ज्यादा ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

वृंदावन रोड और अजहाई स्टेशनों के बीच हुई इस दुर्घटना से कल पूरे दिन बड़ी संख्या में यात्री मथुरा और आगरा रेलवे स्टेशनों पर फंसे रहे। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक यूसी जोशी ने कहा कि पटरी की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। जल्द ही यातायात व्यवस्था सामान्य हो जायेगी।

***करीब 26 वैगनस डिरेल हुए है। रेलवे ने अपना इंस्ट्रीट्यूशन काम शुरू कर दिया। हमारी कई टीम्स लगी हुई है। अभी इसमें 4 लाइन वर्कस लगे हुए है एक लाइन अभी चल रही है। मेन लाइन अभी बाकी है, जल्द सही हो जायेगी। हम लोग का पूरा प्रयास है कि जल्द हम लोग इसको रिस्टोर करके बाकी लाइन भी चलाये। कुछ ट्रेने हमने डायवर्ड कर दिया, बाकी ट्रेने जैसे ये ठीक हो जायेगी, तो स्टन कर दिया जायेगा। एक इनक्वारी कमेटी इसमें बैठगी उसके बाद ही कुछ पता चल पायेगा। अभी सरा ध्यान हमारा केन्द्रित है हम इसको रिस्टोरेशन जल्दी करे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के रामगढ़ ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डेढ़–दो दशक पहले गोरखपुर में सुविधाओं का भारी अभाव था लेकिन आज वह विकास की आधुनिक सोच के साथ रोजगार और पर्यटन का हब बन चुका है। गंदगी और अपराध के चलते यहां आने से कतराने वाले पर्यटकों को अब यहां फाइवस्टार होटल की सुविधायें मिल रही हैं। खाद कारखाना फिर से चल पड़ा है और गोरखपुर सहित पूर्वांचल के तमाम युवाओं को यहां रोजगार मिल रहा है। श्री योगी ने कहा कि यहां का बीआरडी मेडिकल कॉलेज कभी खुद बीमार था। लोग दिन भर जाम से जूझते थे लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। गोरखपुर में फोरलेन और सिक्स लेन सड़के हैं और बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का बेहतर केन्द्र बन गया है। यहां एम्स भी अब सेवायें दे रहा है। रामगढ़ताल आज अट्ठारह सौ एकड़ क्षेत्र में एक बेहतरीन प्राकृतिक झील के रूप में पूरे देशवासियों और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

***आज गोरखपुर का एयरपोर्ट सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में से एक है। आज गोरखपुर में रेलवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी है, आज गोरखपुर में फर्टिलाइजर कारखाना फिर से शुरू हो गया है। गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज, आप स्वास्थ्य के बेहतरीन केन्द्र के रूप में आगे बढ़ा है और आज एम्स भी गोरखपुर में संचालित होकर अपनी स्वास्थ्य सेवाएं यहां के नागरिकों को उपलब्ध करा रहा है। रामगढ़ ताल, जो कभी स्वयं मृत प्रायः रूप हो गया था, आज 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में बेहतरीन प्राकृतिक झील के रूप में पूरे देशवासियों को हर पर्यटक को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के मिल्कीपुर में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आवास सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी और प्रमाण पत्र के साथ ही सिलाई मशीन भी प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया है। आज फोरलेन और टू–लेन सड़कों के साथ ही गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी और चौबीस घंटे बिजली, पानी की व्यवस्था दिखती है। उन्होंने कहा कि अकेले अयोध्या में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अब तक तैंतालीस हजार छः सौ चौंसठ आवास स्वीकृत किए गए हैं।

*अकेले अयोध्या में प्रधानमंत्री योजना में अब तक 45664 लाभार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र में और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 19964 आवास हम लोगों ने अयोध्या में स्वीकृत किये हैं, जिनमें मिल्कीपुर में 8195 आवास ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। साथ–साथ हम लोगों ने यहां पर मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भी 2369 लाभार्थियों को आवास की योजना का लाभ प्रदान किया है।*

**********

पावर कार्पोरेशन बिजली कनेक्शन दिये जाने की नई व्यवस्था को जल्द ही लागू करेगा। वर्तमान व्यवस्था में चालीस मीटर से अधिक दूरी के कनेक्शन के लिये उपभोक्ताओं को इस्टीमेट दिया जाता है। कनेक्शन पर आने वाला खर्च उपभोक्ताओं को ही वहन करना पड़ता है। नई व्यवस्था के तहत अब डेढ़ सौ किलोवाट और ढाई सौ मीटर दूरी तक के उपभोक्ताओं से इस्टीमेट व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में पंद्रह लाख करोड़ रूपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। साथ ही सरकार ने तीन लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं की घोषणा की है। सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार ने कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्रा का समय घटाने के लिए 30 हजार 700 करोड़ रुपये की मेट्रो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। भर्ती में पारदर्शिता के लिए सरकार ने लोक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम लागू किया है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा केंद्र निर्धारण प्रक्रिया की आधिकारिक समय–सारिणी जारी कर दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण 25 सितंबर, 2024 से शुरू होकर 28 नवंबर, 2024 तक पूरा किया जाएगा।

**********

बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्रीय कैबिनेट में पास हुए वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सकारात्मक बताया है। उन्होंने लखनऊ में कल पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह बात कही। इस बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। बसपा प्रमुख ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और संगठन को मज़बूत करने के दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही, पार्टी में सेक्टर व्यवस्था समाप्त कर फिर से मण्डल स्तरीय व्यवस्था को लागू कर दिया। पूर्व में तीन–तीन मण्डल का एक सेक्टर बनाकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी को सेक्टर इंचार्ज बनाया गया था। अब सेक्टर इंचार्ज का पद खत्म कर वरिष्ठ पदाधिकारियों को मण्डल प्रभारी बनाया गया है।

**********

समाजवादी पार्टी ने बहराइच में भेड़ियों के हमले से पीड़ित परिवारों को 50 हज़ार रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कल लखनऊ में बहराइच में भेड़ियों के हमले के मामले में प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए पीड़ित परिवारों के लिये आर्थिक मदद की मांग की। सपा प्रमुख ने सरकार से अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

**********

प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण करीब पच्चीस जिले बाढ़ की चपेट में हैं। अलग–अलग कुछ जनपदों में गंगा, घाघरा और शारदा नदी का जलस्तर अभी भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी हुयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये हैं कि प्रभावित जिलों में बचाव कार्य और राहत सामग्री वितरण में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उधर, घाघरा नदी के बढ़े जलस्तर के दबाव के कारण बलिया में एक दिन पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस टूटने के बाद जिला प्रशासन की टीम सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन बहाल करने के प्रयास में जुटी हुयी है।

**********